डाक पंजीयन क्रमांक - म.प्र./भोपाल/4-357/2024-26

मुद्रित पत्र रजि. नं./आर.एन./13063/1967

मध्यप्रदेश सहकारी समाचार

मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ भोपाल का प्रकाशन

Website : www.mpscu.in
E-mail : rajyasanghbpl@yahoo.co.in

हिन्दी/पाक्षिक

प्रकाशन 1 जुलाई, 2024, डिस्पेच दिनांक 1 जुलाई, 2024

| वर्ष 68 | अंक 03 | भोपाल | 1 जुलाई, 2024 | पृष्ठ 8 | एक प्रति 7 रु. | वार्षिक शुल्क 150/- | आजीवन शुल्क 1500/- |

सहकारी अधिकारी-कर्मचारी अपने कर्त्तव्यों का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करें

सहकारिता मंत्री श्री सारंग ने प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश

भोपाल : सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि सहकारी आंदोलन में कार्यरत प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को अपने कर्त्तव्यों एवं दायित्वों का पूरी लगन एवं निष्ठा से निर्वहन करना होगा। इससे आपको किये गये काम से संतोष मिलेगा। मंत्री श्री सारंग अपेक्स बैंक मुख्यालय के समन्वय भवन में सहकारिता विभाग की समीक्षा कर रहे थे। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रदेश का सहकारी आंदोलन पूरे प्रदेश में किसान, श्रमिक, गरीब एवं कमजोर वर्ग के उत्थान की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। इसलिये सभी की जवाबदेही है कि जो काम दिया गया है, उसे पूर्ण ईमानदारी से करें। उन्होंने कहा कि नवाचार की दिशा में प्रयास जारी रखें। साथ ही अच्छे काम को और बेहतर ढंग से करने के प्रयास करें। प्रयास से ही बेहतर परिणाम सामने आयेंगे।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि बैठक में विचार-विमर्श के बाद जो निष्कर्ष सामने आयें, उन्हें अमल में लाया जायेगा। वरिष्ठ अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जायेगी। आगे भी इस प्रकार के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने सहकारिता विभाग के सभी संभागों के अधिकारियों के कार्यों की सराहना की।

अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक श्री मनोज गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक जिला बैंक को केसीसी जारी करने के संबंध में बर्ड, लखनऊ में "पैक्स कम्प्यूटराइजेशन'' के लिये जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए समय-सीमा में प्राथमिकता के आधार पर फसल एवं किसान का रजिस्ट्रेशन करने की कार्यवाही सम्पादित करना चाहिये।

बैठक में प्रधानमंत्री की सहकार से समृद्धि मंत्र को साकार करने के लिये प्रारंभ की गयी गतिविधियों जैसे- पैक्स कम्प्यूटराइजेशन, जन-औषधि केन्द्र संचालन, पेट्रोल-डीजल रिटेल आउटलेट, एलपीजी, पीएम किसान समृद्धि केन्द्र, एनसीसीएफ एवं नाफेड पोर्टल पर पंजीयन, कॉमन सर्विस सेंटर शुरू करने की स्थिति के साथ एक जनवरी, 2024 से प्रदेश में नवाचार के तहत जिलों में पंजीकृत समितियों की संख्या, पैक्स में प्रशासक नियुक्ति, गृह निर्माण सहकारी संस्थाओं की शिकायतों का निराकरण, परिसमापन संस्थाओं के पंजीयन निरस्ती की स्थिति, सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की जानकारी, सर्वोच्च एवं उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों में जवाबदावा प्रस्तुत करने की स्थिति, संयुक्त, उप, सहायक आयुक्त न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण की संख्यात्मक स्थिति मार्च-2024 पर, अंकेक्षण की स्थिति, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों की वित्तीय स्थिति, सदस्य स्तर पर अल्पावधि फसल ऋणों की तुलनात्मक वसूली, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों को प्राप्ति योग्य राशि, बैंक की अमानत वृद्धि की तुलनात्मक जानकारी एवं अल्पावधि खरीफ एवं रबी ऋण की जानकारी पर पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन देकर विस्तार से चर्चा की गयी।

आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएँ श्री मनोज कुमार सरियाम, उप सचिव सहकारिता श्री मनोज सिन्हा, अवर सचिव श्री आर.एम. मिश्रा, अपर आयुक्त श्री बृजेश शरण शुक्ला, संयुक्त आयुक्त श्री अरुण मिश्रा, श्री विमल श्रीवास्तव, श्रीमती कीर्ति सक्सेना, श्री विनोद सिंह, श्री महेन्द्र दीक्षित, श्री बी.एल. मकवाना, श्री भूपेन्द्र सिंह, अमरेश सिंह, एच.एस. बाघेला, उपायुक्त श्री आर.एस. विश्वकर्मा, उप महाप्रबंधक अपेक्स बैंक श्री आर.एस. चंदेल, सहायक महाप्रबंधक श्री के.टी. सज्जन, श्री करुण यादव, विवेक मलिक, समीर सक्सेना, अजय देवड़ा के साथ पूरे प्रदेश के संयुक्त, उप, सहायक आयुक्त, सहकारिता विभाग के जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अपेक्स बैंक के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक का संचालन ओएसडी अपेक्स बैंक श्री अरविंद बौद्ध ने किया।

इस वर्ष 6 जुलाई, 2024 अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया जायेगा

भोपाल। म.प्र. राज्य सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल के प्रबंध संचालक श्री ऋतुराज रंजन द्वारा बताया गया की अंतराष्ट्रीय को-आपरेटिव अलायन्स द्वारा जुलाई के प्रथम शनिवार को प्रति वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष दिनांक 6 जुलाई 2024 दिन शनिवार को विषय : "Cooperatives Build a Better Future for All" (सहकारिता सभी के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण करती है) निर्धारित किया गया है । इस अवसर पर संघ मुख्यालय एवं संघ द्वारा संचालित सहकारी प्रशिक्षण केन्द्रों में वृक्षारोपण एवं संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। मुख्यालय में वृक्षारोपण माननीय सहकारिता मंत्री शासन, श्री विश्वास कैलाश सारंग जी, श्रीमती दीपाली रस्तोगी, प्रमुख सचिव सहकारिता म.प्र. शासन, श्री मनोज कुमार सरियाम, पंजीयक, सहकारी संस्थायें मध्यप्रदेश, श्री चन्द्रेश कुमार खरे, अध्यक्ष, म.प्र. राज्य सहकारी अधिकरण, श्री आलोक कुमार सिंह, प्रबंध संचालक, म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ, सुश्री शीला दाहिमा, उप सचिव सहकारिता म.प्र. शासन, श्री अरूण कुमार माथुर, सदस्य, म.प्र. राज्य सहकारी अधिकरण, श्री बृजेश कुमार शुक्ला अपर आयुक्त सहकारिता के हस्ते किया जायेगा । इस अवसर पर भारत सरकार, वस्त्र मंत्रालय व्दारा प्रवर्तित एवं राज्य संघ व्दारा क्रियान्वित CHCDS परियोजना हितग्राहियों (कारीगरों) को टूलकिट एवं आर्टीजन कार्ड वितरण माननीय श्री विश्वास कैलाश सारंग जी, सहकारिता मंत्री म.प्र. शासन के हस्ते वितरित किये जायेंगे ।

हर जिले में विकास का रोड मैप बनाया जाए : मुख्यमंत्री

विकास कार्य प्राथमिकता निर्धारित कर पूरे किए जाएं

किसान, महिलाओं, गरीबों और युवाओं को पात्रतानुसार मिले जनहितैषी योजनाओं का लाभ

जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी सरकार के अंग हैं

मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों के विकास कार्यों की ली जानकारी

भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में विकास के कार्य निरंतर चलते रहें। हर जिले में विकास कार्यों को पूरा करने के लिए रोड मैप तैयार कर लिया जाए। जिले के विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रवार भी विकास कार्यों का विभाजन कर लिया जाए। आगामी चार-पांच वर्षों के लिए यह रोड मैप तैयार किया जाए। विकास कार्यों को प्राथमिकता निर्धारित कर पूरा करने की योजना भी बनाई जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव समत्व भवन से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों के विकास कार्यों की जानकारी ले रहे थे। वीडियो कांफ्रेंसिंग में जिलों से मंत्रीमण्डल के सदस्य, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी वर्चुअली जुड़े। मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर कुमार सक्सेना, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ किसानों, महिलाओं, गरीबों और युवाओं को पात्रतानुसार मिले। कोई भी हितग्राही जनहितैषी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में सबसे अधिक लगभग चार करोड़ आयुष्मान कार्ड बने हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपलब्धि के लिये जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को बधाई दी। प्रदेश में आयुष्मान भारत योजना का हितग्राहियों को वृहद स्तर पर लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन पर जनप्रतिनिधि व्यक्तिगत रूप से ध्यान देकर कार्य करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक जिला-एक उत्पाद योजना की मार्केटिंग हो। रोजगारपरक कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की बेहतर भूमिका रहे। जल-गंगा संवर्धन अभियान और पौधरोपण अभियान बड़े पैमाने पर चलता रहे। पौधरोपण अभियान के तहत अच्छे छायादार और फलदार पौधे लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि जबलपुर, इंदौर, भोपाल सहित विभिन्न जिलों में वृहद स्तर पर पौधे लगाने का कार्य अच्छा हुआ हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कहा कि स्कूल चलें अभियान, कॉलेज चलें अभियान के अंतर्गत कोई भी विद्यार्थी प्रवेश से वंचित न रहे। आंगनवाड़ियों का संचालन बेहतर हो। आंगनवाड़ियों में केजी-1 और केजी-2 की कक्षाएं शुरू की जाएंगी। इसके लिए प्रशिक्षण जल्द शुरू होगा। अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्रावास और आश्रमों का भी भ्रमण कर जनप्रतिनिधि व्यवस्थाएं सुधारने में सहयोग करें। सभी स्थानीय निकायों के कार्यालय नियमित रूप से खुलें। जन प्रतिनिधियों का जिला प्रशासन से अच्छा समन्वय हो।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की बेहतर स्थिति के लिए समुचित प्रबंध सुनिश्चित करें। गौ-वंश अधिनियम के अंतर्गत गौ-वंश के अवैध परिवहन पर सख्ती से कार्यवाही की जाए। राज्य सरकार ने गौ-शालाओं को दी जाने वाली राशि दोगुनी कर दी है। प्रदेश में एक हजार गौ-शालाओं का संचालन किया जाना है। कोई भी गौ-माता बाहर सड़कों पर न घूमें, इसके लिए सब मिलकर प्रयास करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाढ़ से बचाव संबंधी सभी उपाय पहले से ही सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व संबंधी कार्यों का निराकरण शीघ्रता से करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में श्री अन्न (कोदो-कुटकी) को बढ़ावा देने के लिए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी-जनप्रतिनिधि सरकार के अंग हैं। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों में बेहतर समन्वय रहे। उन्होंने कहा कि स्कूलों, कॉलेजों में शिक्षकों की कमी दूर करने के समुचित उपाय किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आदर्श विधान सभाएं बनाने के लिए जरूरी विकास कार्य और उपाय सुनिश्चित किए जाएं। जिला स्तर पर बैठक कर विकास कार्यों का रोड मैप तैयार करें। उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारों पर कानून व्यवस्था की स्थिति अच्छी बनी रहे। सांसद और विधायक आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल करते हुए ऐसी व्यवस्था बनाएं कि वे अपने कार्यालय से ही व्यक्तिगत रूप से वीडियो कांफ्रेंसिंग कर सकें।

राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने जानकारी दी कि प्रदेश में पहली बार 30 लाख राजस्व प्रकरण निपटाए गए हैं। नामांकन, बटवारा, सीमांकन आदि के प्रकरण तेजी से निपटाए गए हैं। प्रदेश का राजस्व 75 प्रतिशत बढ़ा है। खजुराहो सांसद श्री वी.डी. शर्मा ने कहा कि पौधरोपण अभियान में फलदार और छायादार पौधे लगाने से आमजनों को लम्बे समय तक उनका लाभ मिलता रहेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल के अनुरूप पात्र हितग्राहियों को आवास और आयुष्मान भारत योजना का प्रदेश में अच्छा लाभ मिला है। वीडियो कांफ्रेंसिंग में जनप्रतिनिधियों ने अपने सुझाव और मांगों से भी अवगत कराया।

सहकारी समिति के निर्वाचन के लिए आरओ नियुक्त

मप्र राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी श्री एमबी ओझा ने बालाघाट जिले अंतर्गत विभिन्न सहकारी समितियों के निर्वाचन के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है।

बालाघाट : मप्र राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी श्री एमबी ओझा ने बालाघाट जिले अंतर्गत विभिन्न सहकारी समितियों के निर्वाचन के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने राजीव गांधी मछुआ सहकारी समिति मर्या बोरी लालबर्रा के संचालक मण्डल के निर्वाचन के लिए सदस्यता सूची को अंतिम रूप देने के लिए उप अंकेक्षक श्री अतुल राय को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है। वहीं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के विनिश्चय के विरूद्ध अपील प्राप्त करने एवं अपील का निर्धारित अवधि में निराकरण करने के लिए उप आयुक्त सहकारित जिला बालाघाट को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने संचालक मंडल के निर्वाचन के लिए 20 जून से अलग-अलग तिथियों में कार्यक्रम की सूची भी जारी की है। 20 जून को सदस्यता सूची का प्रकाशन, 28 जून सूची पर आपत्ति प्राप्ती करने की अंतिम तिथि, 29 जून प्राप्त आपत्तियों का निराकरण व अंतिम सूची का प्रकाशन, 1 से 3 जूलाई तक आरओ के विनिश्चिय के विरूद्ध अपीलीय अधिकारी के समक्ष अपील करने की तिथि, 10 जुलाई अपीलीय निराकरण की अंतिम तिथि तथा 15 जुलाई को राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी को अंतिम सूची प्रस्तुत करने की तिथि सुनिश्चित की गई है।

सुभाष प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्या. शिवपुरी के संचालक मण्डल के निर्वाचन हेतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

शिवपुरी : म.प्र.राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एम.बी.ओझा द्वारा जिले की सुभाष प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्या. शिवपुरी के संचालक मण्डल के निर्वाचन हेतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के रूप में सहकारी निरीक्षक उमेश जैन को नियुक्त किया गया है। साथ ही रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के विनिश्चय के विरूद्ध अपील प्राप्त करने एवं अपील का निर्धारित अवधि में निराकरण करने हेतु उपायुक्त, सहकारिता को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया जाता है।

जारी कार्यक्रम के तहत प्रकाशित सदस्य सूची पर आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 8 जुलाई, सदस्यता सूची पर प्राप्त आपत्तियों के निराकरण की तिथि एवं अंतिम सदस्यता सूची के प्रकाशन की तिथि 9 जुलाई, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के विनिश्चय के विरुद्ध अपीलीय अधिकारी के समक्ष अपील प्रस्तुत करने की तिथि 10, 11 एवं 12 जुलाई, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के विनिश्चय के विरूद्ध अपील प्राप्त होने की स्थिति में अपील के निराकरण की अंतिम तिथि 19 जुलाई एवं राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी को अंतिम सूची प्रस्तुत करने की तिथि 23 जुलाई निर्धारित की गई है।

जिले में समर्थन मूल्य पर हुई 1098062 क्विंटल गेंहू की खरीद

रीवा : जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक अप्रैल से सहकारी समितियों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जा रही थी। शासन द्वारा गेंहू खरीदी के लिए निर्धारित तिथि 25 जून तक जिले में 1098062 क्विंटल गेंहू की खरीद 24162 पंजीकृत किसानों से की गई। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि इसके लिए किसानों को 263 करोड़ 53 लाख 50 हजार की राशि मंजूर की गयी है। उपार्जित गेंहू का शत-प्रतिशत सुरक्षित भण्डारण करा दिया गया है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 263 करोड़ 40 लाख 42 हजार 743 रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। शेष बचे किसानों का भुगतान दो दिवस में कर दिया जाएगा।

अनुसूचित जन जाति उपयोजना (टी.एस.पी.) अन्तर्गत कृषि आदान वितरण एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन पर कृषक प्रशिक्षण आयोजित

बड़वानी। भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान, भोपाल एवं कृषि विज्ञान केन्द्र बड़वानी के सहयोग से एक दिवसीय कृषि आदान वितरण एवं कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 25 जून 2024 को कृषि विज्ञान केन्द्र बड़वानी, बजट्टा फार्म तलुन पर डॉ. एस. के. बड़ोदिया, प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र बड़वानी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान, भोपाल के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. जितेन्द्र कुमार व डॉ. खुशबु रानी तथा डॉ. अभिनाश दास वैज्ञानिक उपस्थित रहें। कार्यक्रम के आरंभ में डॉ. बड़ोदिया द्वारा अतिथिगण व उपस्थित कृषकों का स्वागत करते हुए कहा कि मृदा परीक्षण कराया जाना अत्यंत आवश्यक है व खरीफ फसलों में बीजोपचार के महत्व की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में डॉ. जितेन्द्र कुमार, वरि. वैज्ञानिक, भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान, भोपाल ने कृषकों से प्राकृतिक खेती के महत्व की जानकारी देकर आने वाले समय के लिये उपयोगी बताया साथ हीं मृदा में समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन करने की बात कही। साथ ही अन्य वैज्ञानिक डॉ. खुश्बु रानी ने उर्वरकों के प्रबंधन की बात कही । इस अवसर पर उपस्थित प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अभिनव दास द्वारा प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संरक्षित खेती अपनाने पर जोर दिया । केन्द्र के मौसम वैज्ञानिक श्री रविन्द्र सिकरवार द्वारा कृषकों को जलवायु परिवर्तन आधारित खेती कर एकीकृत कृषि प्रणाली अपनाने की बात कही । इस अवसर पर उपस्थित कृषकों को वीडियो फिल्म के माध्यम से खरीफ फसलों में बीजोपचार व वैज्ञानिकों द्वारा खरीफ की प्रमुख फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीकी की जानकारी देकर कृषि आदान वितरित किये गये । भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान भोपाल के वैज्ञानिकों द्वारा आस-पास के कृषकों के प्रक्षेत्र का भ्रमण कर मृदा नमुना एकत्र किया । इस कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन में कृषि विज्ञान केन्द्र के श्री जितेन्द्र अलावा, प्रक्षेत्र सहायक का महत्वपूर्ण सहयोग रहा ।

महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार पिछोर के संचालक मण्डल के निर्वाचन हेतु रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

शिवपुरी : म.प्र.राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एम.बी.ओझा द्वारा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्या.पिछोर के संचालक मण्डल के सदस्यों, पदाधिकारियों एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु उप अंकेक्षक चमन सिंह को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। जारी कार्यक्रम के तहत नामांकन पत्र प्रस्तुत किए जाने की तिथि 23 जून एवं नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन की तिथि 24 जून, नामांकन पत्रों की वापसी, चुनाव लड़ने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन की तिथि 25 जून, विशेष साधारण सम्मेलन में मतदान एवं मतगणना की तिथि 30 जून, रिक्त स्थानों के सहयोजन की तिथि 1 जुलाई, अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु सूचना जारी किए जाने की तिथि 1 जुलाई तथा अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन की तिथि 5 जुलाई निर्धारित की गई है।

समानता पर आधारित कृषि और ग्रामीण विकास के संवर्धन की दिशा में नाबार्ड काम करे

सहकारिता मंत्री श्री सारंग की अध्यक्षता में नाबार्ड की बैठक

भोपाल : सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि ग्रामीण समृद्धि के लिये राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) काम करे। समानता पर आधारित कृषि और ग्रामीण विकास के संवर्धन की दिशा में नाबार्ड आवश्यक कदम उठाये। मंत्री श्री सारंग मंत्रालय में नाबार्ड की गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में प्रमुख सचिव सहकारिता श्रीमती दीपाली रस्तोगी उपस्थित थीं।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि नाबार्ड और अपेक्स बैंक से समन्वय स्थापित करने के लिये एक अधिकारी को नियुक्त किया जाये। उन्होंने कहा कि यह अधिकारी आपसी सामंजस्य बनाकर दोनों एक-दूसरे के सहयोग से आगे बढ़ने को गति लाने का कार्य करें। नाबार्ड की योजनाओं का सभी को लाभ मिले, ऐसा प्रयास हो। श्री सारंग ने अधिकारियों को आवश्यक ट्रेनिंग मॉड्यूल पर भी काम करने के निर्देश दिये। उन्होंने अपेक्स बैंक ट्रेनिंग कॉलेज में आवश्यक ट्रेनर्स उपलब्ध कराने को भी कहा।

मंत्री श्री सारंग ने बिजनेस पर एम्पलाई के नॉम्स एवं पैरामीटर पर काम करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि हर सेक्टर में जरूरत के हिसाब से कितने लोगों की आवश्यकता है, यह भी प्लॉन किया जाना चाहिये। उन्होंने ग्रामीण सेक्टर में विकास के लिये सेल्फ हेल्प ग्रुप्स के साथ बैठक करने के निर्देश दिये।

मंत्री श्री सारंग ने नाबार्ड के साथ हर माह एक बैठक करने के निर्देश दिये। उन्होंने नवाचार की दिशा में काम करने को कहा। उन्होंने कम्प्यूटराइजेशन और सॉफ्टवेयर डेव्हलपमेंट की दिशा में भी काम करने को कहा।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि कृषि और ग्रामीण विकास के लिये संस्थागत ऋण की व्यवस्थाओं के लिये नाबार्ड आवश्यक सहयोग करे, जिससे सहभागिता, संधारणीयता और समानता पर आधारित वित्तीय और गैर-वित्तीय सहयोग, प्रौद्योगिकी और संस्थागत विकास के माध्यम से समृद्धि लाने के लिये कृषि और ग्रामीण विकास का संवर्धन हो सके। बैठक में ग्रांट्स, रिफायनेंस, डिस्बर्स्ड पर भी चर्चा की गयी। नाबार्ड से आवश्यक सहयोग लेकर आगे बढ़ने की दिशा में कार्य करने को कहा गया। इस मौके पर सहकारिता विभाग के साथ नाबार्ड और अपेक्स बैंक के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

नैनो उर्वरकों के उपयोग पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

सीहोर : किसान कल्याण तथा कृषि विकास, सहकारिता विभाग एवं उर्वरक सहकारी संस्था इफको द्वारा जिला पंचायत सीईओ श्री आशीष तिवारी की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में खरीफ फसलों की तैयारी एवं नैनो उर्वरकों के उपयोग के बारे में बताया गया। कार्यशाला में रासायनिक एवं पारंपरिक उर्वरक के स्थान पर नैनों उर्वरकों के उपयोग में बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि, यूरिया एवं डीएपी का पौधे मात्र 25 से 30 प्रतिशत तक ही उपयोग कर पाते हैं तथा शेष नाइट्रोजन जमीन में नीचे रिस कर हमारे जल स्त्रोंतो को प्रभावित करता है।

कार्यशाला में बताया गया कि नैनो यूरिया 4 मीली प्रति लीटर एवं डीएपी 5 मिली प्रति लीटर का उपयोग सीधे पत्तियों पर छिड़काव करके किया जाता है, जिससे उर्वरक की एक संतुलित मात्रा ही पौधों को प्राप्त होती है। नैनो उर्वरक का उपयोग किसानों एवं पर्यावरण के हित में आवश्यक है, इसके उपयोग से उत्पादन में भी 5% की वृद्धि देखी गयी है। साथ ही आगामी सीजन में डीएपी उर्वरक की कम मात्रा में उपलब्धता होने से उसके स्थान पर एनपी के उर्वरक जैसे-12.32.16, 19.19.19, 16.16.16 आदि का उपयोग किया जाना चाहिए। कार्यशाला में उप संचालक कृषि श्री केके पाण्डेय, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री पीएन यादव तथा इफको के राज्य विपणन प्रबंधक श्री प्रकाश चंद्र पाटीदार एवं उप महाप्रबंधक श्री आरकेएस राठौर सहित कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री ने पीएम-किसान के तहत लगभग 20,000 करोड़ रुपये की 17वीं किस्त जारी की

मुझे खुशी है कि पीएम किसान सम्मान निधि को सही लाभार्थी तक पहुंचाने के लिए टेक्नोलॉजी का सही इस्तेमाल किया गया है - प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री ने 30,000 से अधिक स्वयं सहायता समूहों को कृषि सखियों के रूप में प्रमाण पत्र भी प्रदान किए

हमारे लिए किसान ही भगवान है और किसानों की सेवा भगवान की पूजा के समान है - केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में पीएम-किसान के तहत लगभग 20,000 करोड़ रुपये की 17वीं किस्त जारी की तथा कृषि सखियों के रूप में 30,000 से अधिक स्वयं सहायता समूहों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं अन्य कई राज्य मंत्री उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित और तकनीक के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े किसानों का अभिवादन किया और बताया कि करोड़ों किसानों के खाते में 20,000 करोड़ रुपये जमा हुए हैं। उन्होंने कृषि सखी पहल को 3 करोड़ 'लखपति दीदी' बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पहल लाभार्थी महिलाओं के लिए गरिमा और आय के स्रोत का आश्वासन सुनिश्चित करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा, "पीएम किसान सम्मान निधि दुनिया की सबसे बड़ी प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजना के रूप में उभरी है", उन्होंने कहा कि करोड़ों किसानों के बैंक खातों में 3.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक हस्तांतरित किए गए हैं, जहां अकेले वाराणसी में 700 करोड़ रुपये परिवारों को हस्तांतरित किए गए हैं। प्रधानमंत्री ने लाभ को योग्य लाभार्थियों तक पहुंचाने में प्रौद्योगिकी के उपयोग की सराहना की और विकसित भारत संकल्प यात्रा का भी श्रेय दिया, जिसने 1 करोड़ से अधिक किसानों को पीएम किसान योजना के तहत खुद को पंजीकृत करने में सक्षम बनाया। उन्होंने कहा कि पहुंच बढ़ाने के लिए नियमों और विनियमों को सरल बनाया गया है। श्री मोदी ने कहा, "जब इरादे और विश्वास सही जगह पर हों तो किसान कल्याण से जुड़े काम तेजी से होते हैं।" प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि सखी कार्यक्रम ड्रोन दीदी कार्यक्रम की तरह ही इस दिशा में एक कदम है। आशा कार्यकर्ताओं और बैंक सखियों के रूप में महिलाओं के योगदान को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र अब कृषि सखियों के रूप में महिलाओं की क्षमताओं को देखेगा।

कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री जी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर पहली बार काशी पधारे हैं। उन्होंने कहा कि इतने बहुमत से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना एक इतिहास है। श्री चौहान ने कहा कि जनता द्वारा दिया गया यह जनादेश अपने आप में अद्भुत और अभूतपूर्व है।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए किसान ही भगवान है और किसानों की सेवा भगवान की पूजा के समान है। इसी भाव से भारत सरकार लगातार किसानों के कल्याण के कार्य में लगी है। श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ये प्रधानमंत्री जी की किसानों और खेती के प्रति प्रतिबद्धता ही है कि उन्होंने प्रधानमंत्री बनने के बाद सबसे पहले किसान सम्मान निधि अर्थात् किसान के खाते में पैसे डालने वाली फाइल पर साइन किया और आज यहां आकर अपना पहला कार्यक्रम भी किसानों के बीच में किया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री जी के सिंगल क्लिक से लगभग सवा 9 करोड़ किसानों के खाते में 20,000 करोड़ रुपये डलने के बाद लगभग 3,25,000 करोड़ रुपये अब तक किसानों के खाते में डाल दिए गए हैं। श्री चौहान ने कहा कि किसानों की आय दुगनी करने के रोडमैप पर लगातार काम हुआ है। इसके लिए एक और सिंचाई योजनाओं के माध्यम से नई तकनीक का प्रयोग कर उत्पादन बढ़ाने के प्रयास लगातार जारी हैं तो दूसरी और उत्पादन की लागत घटाने के लिए सरकार अरबों रुपए की सब्सिडी देती है जिससे किसान को सस्ती खाद मिलती है। श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि दुनिया में खाद के दाम आसमान पर हैं, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार किसानों को सस्ती खाद उपलब्ध करवा रही है।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड जैसी अद्भुत योजना ने साहूकारों के चंगुल से किसान को मुक्त किया है और छोटे किसान, किसान सम्मान निधि से खाद और बीज की व्यवस्था करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लिए गये फैसले के अनुरुप सभी प्रदेशों में किसान को फसलों के बेहतर दाम दिलाने के लिए फसल की लागत पर कम से कम 50 प्रतिशत का लाभ देकर न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया जाता है। श्री चौहान ने कहा कि प्राकृतिक आपदा में अगर फसल को नुकसान होता है तो भरपाई के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना बनाई गयी है तो वहीं कृषि के विविधीकरण को लेकर भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं जैसे - फूलों की खेती, फलों की खेती, सब्जियों की खेती, औषधीय खेती, कृषि वानिकी, कृषि के साथ पशुपालन, मधुमक्खी पालन आदि को बढ़ावा ताकि किसान की आय दोगूनी हो जाए।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री का मानना है कि यह धरती केवल हमारे लिए नहीं है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी है। यदि अनियंत्रित कीटनाशक और खाद के प्रयोग से यह धरती बंजर हो गई तो आने वाली पीढ़ियां इस धरती पर कैसे रहेंगी। उन्होंने कहा कि इससे निपटने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्राकृतिक खेती का अभियान चलाया हुआ है। श्री चौहान ने कहा कि कृषि विभाग दिन-रात परिश्रम करेगा और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के कल्याण में कोई भी कसर नहीं छोड़ेगा।

श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का जिसमें से लगभग एक करोड़ लखपति दीदी बन चुकी हैं। उसी का एक आयाम है कृषि सखी जिन्हें आज प्रमाण पत्र भी वितरित किए गये हैं। उन्होंने कहा कि ये हमारी वह बहनें हैं जिनको किसानों को उनके काम में सहयोग करने के लिए ट्रेनिंग दी गई है। ऐसी 34,000 बहनों को अभी तक ट्रेनिंग दी जा चुकी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ये कृषि सखियां एक ओर किसान को अच्छी खेती करने में सहयोग करेंगी तो दूसरी ओर अपनी आय भी बढ़ा पाएंगी। उन्होंने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए ये सभी प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

भारत को दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता पर जोर

केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में हुआ भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (IARI) का पूर्व छात्र सम्मेलन और राष्ट्रीय संगोष्ठी

नई दिल्ली। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (IARI) के पूर्व छात्रों का सम्मेलन आज पूसा, नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर उन्होंने वैज्ञानिक समुदाय से अपील की कि वे छोटे और सीमांत किसानों के हित में कार्य करें और भारतीय कृषि में क्रांति लाएं। श्री चौहान ने कहा कि हमारे यहां लगभग 86% किसान स्मॉल- मार्जिनल फार्मर हैं। हमको खेती का मॉडल ऐसा बनाना पड़ेगा कि किसान एक हेक्टेयर तक की खेती में भी अपनी आजीविका ठीक से चला सकें।

केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि हम मिलकर कोई ऐसा रोडमैप बना लें, जिस पर चलकर न केवल भारतीय कृषि और किसान का कल्याण हो सके, बल्कि हम भारत को दुनिया का फूड बास्केट बना दें, दुनिया को अन्न खिलाएं, एक्सपोर्ट करें।

श्री चौहान ने भारत को दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही कहा कि हमारे किसानों की आय बढ़ाने और बदलते परिदृश्य के लिए तकनीकी उन्नति को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी कृषि नीति और शोध छोटे और सीमांत किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएं।

श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि के परिदृश्य को पूरी तरह से बदलना मेरी जिद है। मैं किसान और विज्ञान को जोड़ना चाहता हूं। किसान को हमें विज्ञान से जोड़ना है और इसके लिए कृषि विज्ञान केंद्र बहुत उपयोगी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का विजन तथा मिशन कृषि के क्षेत्र को आगे बढ़ाना और किसान का कल्याण करना है। मैं जिस दिन से कृषि मंत्री बना हूं, तभी से दिन-रात यही सोच रहा हूं कि किसानों के जीवन को कैसे और बेहतर बनाएं।

इस महत्वपूर्ण बैठक में डॉ. आर.एस. परोदा पूर्व महानिदेशक ICAR, डॉ. रमेशचंद सदस्य नीति आयोग और डॉ. हिमांशु पाठक सचिव DARE और महानिदेशक ICAR ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। IARI के निदेशक डा. ए.के. सिंह, DDG डा. आर.सी. अग्रवाल आदि भी उपस्थित थे। इन विशेषज्ञों ने भारतीय कृषि की चुनौतियों और संभावनाओं पर गहन चर्चा की और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नीतिगत सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया।

डॉ. आर. एस. परोदा ने कहा कि भारतीय कृषि को नवाचार और वैज्ञानिक अनुसंधान की सहायता से उन्नत करना समय की मांग है। हमें किसानों के साथ मिलकर नई तकनीकों का परीक्षण और कार्यान्वयन करना होगा, जिससे उनकी पैदावार और आय में वृद्धि हो।

डॉ. रमेशचंद ने इस बात पर जोर दिया कि नीति निर्माण में किसानों की वास्तविक समस्याओं को समझना और उनका समाधान ढूंढना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि कृषि नीतियों को छोटे और सीमांत किसानों के अनुकूल बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। हमें सुनिश्चित करना होगा कि वे नवीनतम तकनीकों और संसाधनों का उपयोग कर सकें।

डॉ. हिमांशु पाठक ने कृषि क्षेत्र में उन्नति के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार, वैज्ञानिक समुदाय और किसानों के बीच सहयोग से ही हम भारतीय कृषि को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं।

सम्मेलन के दौरान, यह निष्कर्ष निकाला गया कि किसानों की आय को बढ़ाने और कृषि क्षेत्र में तकनीकी उन्नति को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। प्रतिभागियों ने भारतीय कृषि में नवाचार और शोध को बढ़ावा देने के लिए अपने सहयोग का आश्वासन दिया।

सम्मेलन में उपस्थित वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने भी अपने विचार साझा किए और भारतीय कृषि को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने के लिए ठोस कदम उठाने का संकल्प लिया। उन्होंने कृषि अनुसंधान और विकास में निवेश को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया और किसानों की सहायता के लिए नई योजनाओं और कार्यक्रमों की शुरुआत की बात की।

इस बैठक में उपस्थित सभी विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों ने मिलकर भारतीय कृषि के भविष्य को सुरक्षित और समृद्ध बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि यह केवल सरकार और वैज्ञानिक समुदाय का नहीं, बल्कि पूरे देश का कर्तव्य है कि वे किसानों की मदद करें और भारतीय कृषि को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएं।

कृषि योजनाओं के लिए एमपी किसान पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य

इन्दौर : कृषि विभाग की विभिन्न योजना अंतर्गत बीज,सिंचाई यंत्र एवं आदान सामग्री का लाभ लेने के लिए जिले के कृषक किसान पोर्टल "एमपी किसान" पर ऑनलाइन पंजीयन करायें। पंजीयन के लिए बेब ब्राउजर पर kisan.mp.gov.in वेबसाइट के माध्यम से स्वंय या नजदीकी एमपी ऑनलाइन पर जाकर आवेदन करें। जिले के किसान भाई, कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए वेब ब्राउजर पर जाकर kisan.mp.gov.in यूआरएल के माध्यम से कृषक भाई स्वंय ही पंजीयन कर सकते हैं। किसान पोर्टल पर जाने के लिये दिए गए यूआरएल kisan.mp.gov.in वेब ब्राउजर पर अंकित करें। कृषि योजना मे पंजीयन करने के लिये कृषि योजना के लिये पंजीयन पर क्लिक करें।

कृषि योजना के लिये पंजीयन करे, लिंक पर क्लिक करने बाद नए टैब मे पंजीयन पेज ओपन हो जाता है तथा पंजीयन के लिए जरूरी दस्तावेज जो संलग्न होने की जानकारी दी जाती है जैसे कृषक का आधार कार्ड, कृषक की भूमि से सम्बंधित जानकारी, कृषक की समग्र आई.डी, कृषक का जाति प्रमाण - पत्र यदि आवेदक अनु.जाति,अनु.जनजाति का हो तो जानकारी ध्यान पूर्वक पढ़े और आगे बढ़े बटन पर क्लिक करने के बाद, किसान पंजीयन फार्म प्रदर्शित हो जाता है जहां दो ऑप्शन प्रदर्शित होते है। आधार नंबर द्वारा पंजीयन अथवा भू-अभिलेख द्वारा पंजीयन करें आप्शन में से किसी एक ऑप्शन के माध्यम से अपना पंजीयन कर सकते हैं। अथवा नजदीकी एमपी ऑनलाईन पर जाकर भी अपना पंजीयन, आवेदन करा सकते है। इस वर्ष कृषि विभाग के ऑनलाईन पोर्टल एमपी किसान पर अपने आवेदन का पंजीयन उपरान्त ही कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सकेगा। कृषक बन्धुओं से अपील की जाती है कि ऑनलाईन पोर्टल एमपी किसान पर अपना आवेदन पंजीयन करायें।

JILA SAHAKARI KENDRIYA BANK MYDT.SEHORE(M.P)

BALANCE SHEET FOR THE YEAR ENDED

Balance sheet of jila sahkari kendriya bank mdt.sehore (m.p) as on 31 march 2024

No.	Particulars	31-03-2023	31-03-2024
	Capital and liabilities		
1	Capital	1190563389.00	1192113389.00
2	Reserves, Surplus & Provision	1342104991.07	1395864281.07
3	Deposits	6974949475.02	7791410585.69
4	Borrowings	7188226771.00	7220174284.00
5	Other liabilities	979383407.26	971032913.53
6	Accumulated P/L	121446734.24	133285265.20
7	Net Profit & Loss	66809378.96	51990910.43
	TOTAL	**17863484146.55**	**18755871628.92**
	ASSETS		
8	Cash in hand	147811342.60	122643650.00
9	Balances with banks	644787998.84	628927174.81
10	Investments	2436394706.00	2627966778.50
11	Advances	12911355196.02	13907721777.98
12	Fixed assets	66887390.52	65269859.52
13	Other assets	1656247512.57	1403342388.11
	TOTAL	**17863484146.55**	**18755871628.92**

JILA SAHAKARI KENDRIYA BANK MYDT.SEHORE(M.P)

PROFIT AND LOSS ACCOUNT FOR THE YEAR ENDED 31 ST MARCH 2024

Particulars	31-03-2023	31-03-2024
1. Income		
Interest earned	1174512084.29	**1294126074.93**
Other income	9138708.12	14689254.13
TOTAL	**1183650792.41**	**1308815329.06**
2. Expenditure		
Interest expended	814200117.78	953810186.44
Operating expenses	302326804.03	303014232.19
Provisions and contingencies	314491.64	0.00
TOTAL	**1116841413.45**	**1256824418.63**
3. Profit/loss		
Net profit/loss(-) for the year	66809378.96	51990910.43
TOTAL	**1183650792.41**	**1308815329.06**

मेसर्स आर.सी.बहेती एण्ड कम्पनी
सनदी लेखापाल
रंजन बहेती
फर्म रजिस्टेशन नं. 400993

कलेक्टर एंव प्रशासक
जिला सहकारी केन्द्रीय बैक
मर्यादित सीहोर

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला सहकारी केन्द्रीय बैक
मर्यादित सीहोर

निर्गमित किया
संयुक्त आयुक्त सहकारिता सहकारी संस्थाऐ
भोपाल संभाग भोपाल, 6.25.2024

R. C. BAHETI & CO.
Chartered Accountants
HEAD OFFICE
24, Zone – II, M. P. Nagar, Near Som Distilleries
Bhopal – 462011
Ph. 0755 - 4908690 MOB. 09826282060
Email - rameshchandrabaheti@yahoo.com
ranjanbaheti@gmail.com

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन

सेवा में,

सदस्य, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादीत, सीहोर (म.प्र.)

वित्तीय विवरण पर रिपोर्ट (Report on Financial Statements):-

हमने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादीत, सीहोर द्वारा दिए गए वित्तीय विवरण पत्रों का लेखा परीक्षण किया है, जिसमें उनका मुख्य कार्यालय एवं 27 शाखाएं शामिल है, जिनमें 31-03-2024 का तुलना पत्र, लाभ और हानि खाता और अन्य स्पष्टीकरण संबंधी जानकारी का सारांश शामिल है।

वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन का दायित्व (Management's Responsibility for the Financial Statements):-

मध्य प्रदेश राज्य सहकारी समिति अधिनियम 1960 और बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 के प्रावधानों के अनुसार इन वित्तीय विवरणों की तैयारी के लिए प्रबंधन जिम्मेदार है, जो वित्तीय स्थिति की सही और निष्पक्ष राय देता है। वित्तीय विवरण भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा निर्धारित लेखा मानकों सहित एवं सामान्य लेखा परीक्षा मानदंडों के अंतर्गत, बनाई गयी है। इस जिम्मेदारी में वित्तीय विवरणों की रचना और प्रस्तुतिकरण से प्रासंगिक आंतरिक नियंत्रण की रचना, कार्यानवयन और रखरखाव शामिल हैं, जो वित्तीय विवरण पर सत्य और निष्पक्ष राम को और उनके वस्तुगत त्रुटियों से मुक्तता को दर्शाते है।।

लेखा परीक्षक का दायित्व:- (Auditor's Responsibility)

हमारा दायित्व हमारे अंकेक्षण के आधार पर इन वित्तीय आंकड़ों पर राय व्यक्त करना है। हमने भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान के द्वारा जारी किए गए अंकेक्षण के मानकों के अनुसार लेखापरीक्षण किया है। उन मानकों के अंतर्गत हमें यह आवश्यक है कि हम नैतिक नियमों का पालन करते हुए, लेखा परीक्षण की योजना और निष्पादन कर, उचित आश्वासन प्राप्त करते हैं कि वित्तीय विवरण उल्लेखनीय / वस्तुगत त्रुटियों से मुक्त है या नहीं।

